Estd. 1987 Reg. No. 74/Ajmer/1988-89, Dated 23/12/1988

# राजस्थान गणित परिषद्

# Rajasthan Ganita Parishad

पंजीकृत प्रधान कार्यालय : गणित विभाग, राजकीय महाविद्यालय, अजमेर 305001

Website : www.rgp.co.in PAN : AABAR2546Q Email : rgp@rgp.co.in

## 24 वां वार्षिक अधिवेशन ( दिनांक 18-19 मई, 2013 )

## आयोजक : MAJ राजकीय महाविद्यालय, डीग ( भरतपुर )

## प्रतिवेदन

राजस्थान गणित परिषद् का **24 वां वार्षिक अधिवेशन** MAJ राजकीय महाविद्यालय, डीग (जि. भरतपुर) (राज.)में दिनांक 18-19 मई, 2013 को सफलता पूर्वक आयोजित किया गया।

### कार्यकारिणी की बैठक

राजस्थान गणित परिषद् की **कार्यकारिणी की बैठक** दिनांक 18 मई, 2013 को प्रातः 9: 00 बजे MAJ राजकीय महाविद्यालय, डीग, (भरतपुर) के प्राध्यापक कक्ष में आयोजित की गई।

सर्व सम्मति से लिए निर्णय एवं कार्य विवरण निम्नानुसार है :

1. कार्यकारिणी की विगत बैठक दिनांक 19.8.2012 के मिनिट्स की पुष्टि की गई।
2. महासचिव द्वारा प्रस्तुत वार्षिक (2012) प्रतिवेदन को स्वीकार किया गया।
3. कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 12-13 (1 अप्रेल 2012 से 31 मार्च 2013 तक) के अंकेक्षित लेखे-जोखे, बजट अनुमान आदि स्वीकार किए गए।
4. वर्ष 2012 में विभिन्न पदकों एवं प्रमाण पत्र प्राप्तकर्ताओं के नामों का अनुमोदन किया गया।
5. 3 मई, 2013 तक प्राप्त नये आजीवन तथा वार्षिक सदस्यों के आवेदन पत्रों पर विचार कर सदस्यता स्वीकार की गई।
6. सदस्यों से प्राप्त प्रस्तावों पर समग्र दृष्टिकोण से गहनता पूर्वक विचार कर सर्व सम्मति से निम्न निर्णय लिये :

   6.1 प्रो. के.सी गुप्ता, पूर्व गणित विभागाध्यक्ष, MNIT, जयपुर को परिषद् का मानद सदस्य बनाया जाय।

   6.2 परिषद् की वार्षिक साधारण सभा की बैठक की सूचना, एजेण्डा एवं अधिवेशन के प्रतिवेदन इत्यादि डाक / UPC के स्थान पर परिषद् की website पर डाले जाय। जिन सदस्यों का e-mail उपलब्ध हो उन्हें e-mail भी किया जाय।

   6.3 परिषद् द्वारा प्रदान किये जाने वाले पदक हेतु छात्रों के चयन में आने वाली कठिनाईयों एवं नवीन परिस्थितियों के मद्दे नजर मेडल प्रदत्त महानुभावों को मेडल सम्बन्धी शर्तों में पुर्न विचार हेतु पत्र लिखा जाय।

   6.4 वर्ष 2011 से पूर्व वर्षों में अवितरित गोल्ड तथा सिल्वर मेडलों को बाजार भाव से बेच दिये जाये। इस हेतु निम्न सदस्यों की एक समिति गठित की गई:

   (1) कोषाध्यक्ष डॉ. अनिल गोखरू (2) डॉ. वी.सी. जैन (3) श्री. निखिल जैन, अजमेर

**6.5** 24 वें वार्षिक अधिवेशन हेतु आवेदन सचिव डॉ. एम.के. गुप्ता के प्रयासो से परिषद् के नाम यदि कोई राशि प्राप्त होती हो तो वह राशि पुनः आयोजन सचिव को दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**6.6** महासचिव ने अवगत करवाया कि परिषद् के कतिपय पदाधिकारियों के विरूद्ध एक सदस्य द्वारा अनावश्यक रूप से कोर्ट में दायर किये जा रहे वादों से न्यायालय का अमूल्य समय नष्ट किया जा रहा है एवं परिषद् को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। न्यायालय में ऐसे वादों की पैरवी करने के लिये डॉ. बी.एस. सिनसिनवार, भरतपुर को अधिकृत किया गया है। इस हेतु होने वाले खर्चे का पुर्नभरण परिषद् के कोष से किया जायेगा।

आसन को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

| | |
|---|---|
| डॉ बी.एस. सिनसिनवार | डॉ. बी.एल. मीणा |
| अध्यक्ष | महासचिव |

## अधिवेशन उद्‌घाटन समारोह

MAJ राजकीय महाविद्यालय, डीग, (भरतपुर) के सभागार में दीप प्रवज्लन, सरस्वती वंदना एवं अतिथियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत कर अधिवेशन की विधिवत कार्यवाही प्रारम्भ हुई :

- **उद्‌घाटन कर्त्ता** : मुख्य अतिथि प्रो. जी. सी. शर्मा, पूर्व उपकुलपति, अम्बेडकर वि.वि., आगरा
- **प्रेरक भाषण** : प्रो. के.सी. गुप्ता, पूर्व गणित विभागाध्यक्ष, MNIT, जयपुर
- **समारोह अध्यक्ष** : डॉ. अशोक बंसल, प्राचार्य, MAJ राजकीय महाविद्यालय, डीग, (भरतपुर)।
- **स्वागत भाषण** : संयोजक एवं आयोजन सचिव डॉ. महेन्द्रसिंह एवं डा.एम .के. गुप्ता, MAJ राजकीय महाविद्यालय, डीग, (भरतपुर)।
- **अध्यक्षीय भाषण:** डा. बी.एस. सिनसिनवार, अध्यक्ष, राजस्थान गणित परिषद्
- **वार्षिक प्रतिवेदन** : डा. बी.एल. मीणा, महासचिव, राजस्थान गणित परिषद्
- **सम्मानीय अतिथि** : श्री आर.के. जैन, पूर्व IAS, जयपुर एवं कर्नल हरिसिंहजी, भरतपुर।
- **पदक** : राज्य में गणित प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु वर्ष 2012 की विभिन्न कक्षाओं / परीक्षाओं में गणित में उच्चतम अंक प्राप्तकत्ताओं को अतिथियों ने **स्वर्ण / रजत पदक एवं प्रमाण पत्र** प्रदान कर सम्मानित किया।
- **स्मारिका विमोचन** : इस अवसर पर प्रकाशित स्मारिका का मंचासीन अतिथियों ने विमोचन किया।
- **स्मृति चिन्ह** : मंचासीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये।
- **धन्यवाद:** श्री पी.एस. केन उपाचार्य, MAJ राजकीय महाविद्यालय, डीग, (भरतपुर)।

## व्याख्यान एवं आमंत्रित वार्तायें

| | वार्ताकार | | अध्यक्षता |
|---|---|---|---|
| I | प्रो. जी.सी. शर्मा, आगरा | **IMS sponsor lecture** | डा.डी.सी.गोखरू, अजमेर |
| II | प्रो. एम.ए. पठान, अलीगढ़ | | डा. जी.सी. शर्मा, आगरा |
| III | प्रो. मृदुला पुरोहित, जयपुर | | प्रो. एम.ए. पठान, अलीगढ |
| III | प्रो. अनुज झांकल, जयपुर | | डॉ. बी.एल. मीणा, टोंक |
| | **पत्र वाचन सत्र** | | प्रो. मृदुला पुरोहित, जयपुर |

## वार्षिक साधारण सभा की बैठक

राजस्थान गणित परिषद् की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 19 मई, 2013 को MAJ राजकीय महाविद्यालय, डीग (भरतपुर) में डॉ. बी. एस. सिनसिनवार की अध्यक्षता तथा डॉ. बी. एल. मीणा महासचिव के संयोजन में अपरान्ह 2:30 बजे प्रारंभ हुई।

सर्व प्रथम प्रो. ए.एन. गोयल, जयपुर एवं डॉ. पी.सी. गोलस, अजमेर के निधन पर शोकाभिव्यक्ति कर सभा स्थगित की गई।

स्थागित बैठक पुनः अपरान्ह 3 बजे प्रारम्भ हुई जिसमें सर्व सम्मति से लिए निर्णय तथा विवरण निम्नानुसार है:

1. परिषद् की 27 मई 2012 को राजकीय MSJ महाविद्यालय, भरतपुर (राज.) में सम्पन्न वार्षिक साधारण सभा की बैठक के मिनिट्स की पुष्टि की गई।
2. महा सचिव द्वारा वर्ष 2012 का प्रस्तुत प्रतिवेदन स्वीकार किया गया।महा सचिव ने कार्यकारिणी की 19 अगस्त, 2012 तथा दिनांक 18 मई, 2013 में सम्पन्न बैठकों में लिये गये निर्णयों की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। जिनमें कुछ प्रमुख निर्णय निम्न थे:
   - 2.1. प्रो. के.सी. गुप्ता, पूर्व गणित विभागाध्यक्ष, MNIT, जयपुर को मानद सदस्य बनाया जाय।
   - 2.2. वार्षिक साधारण सभा की बैठक की सूचना सदस्यों को डाक/UPC के स्थान पर परिषद् की website के माध्यम से दी जाय।
   - 2.3. कार्य कारिणी के सदस्यों के चुनाव हेतु शर्त में शिथिलता प्रदान करते हुए विगत 4 अधिवेशनों में विधिवत रूप से भाग लेने की संख्या 2 के स्थान पर 1 किया जाय। तदनुसार संविधान / उपनियमों मे संशोधन कर वेबसाइट पर दिया जाय।
   - 2.4 महासचिव ने अवगत करवाया कि परिषद् के कतिपय पदाधिकारियों के विरूद्ध एक सदस्य द्वारा अनावश्यक रूप से कोर्ट में दायर किये जा रहे वादों से न्यायालय का अमूल्य समय नष्ट किया जा रहा है एवं परिषद् को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। न्यायालय में ऐसे वादों की पैरवी करने के लिये डॉ. बी.एस. सिनसिनवार, भरतपुर को अधिकृत किया गया है। इस हेतु होने वाले खर्चे का पुर्नभरण परिषद् के कोष से किया जायेगा।
3. कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2012 -13 (1 अप्रेल 2012 से 31 मार्च 2013 तक) का अंकेक्षित लेखा जोखा, बजट अनुमान इत्यादि स्वीकार किए गए। कोषाध्यक्ष ने परिषद् के बढ़ते खर्च (गणित संदेश की छपाई, न्यायालय खर्चा, यात्रा आदि) तथा घटती आय की ओर ध्यान आकर्षित कर आय बढ़ाने हेतु गणित संदेश के संस्थान ग्राहकों की संख्या में वृद्धि करवाने हेतु माननीय सदस्यों से अनुरोध किया।
4. महासचिव ने सदन को अवगत करवाया कि उनके द्वारा गणित संदेश के अंक 25(1), 25(2) तथा 26(1) विशेषांक का प्रकाशन किया जा चुका है तथा 26(2) का कार्य प्रगति पर है।

## नई कार्यकारिणी का गठन

MAJ राजकीय महाविद्यालय, डीग, भरतपुर (राज.) में निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में राजस्थान गणित परिषद् के लिए वर्ष 2013 की नई कार्यकारिणी हेतु घोषित एवं तत्काल हुए रिक्त पदों पर निर्वाचन कर परिषद् की नई कार्यकारिणी का वर्ष 2013 के लिये निम्न प्रकार गठन किया गया :

### पदाधिकारी

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** अध्यक्ष | : | डॉ. बी.एल. मीना, टोंक | **2.** उपाध्यक्ष | : | डॉ. करतार सिंह, झालावाड |
| **3.** महासचिव | : | डॉ. वी.सी. जैन, अजमेर | **4.** संयुक्त सचिव | : | डॉ. पी.के. मिश्रा, सीकर |
| **5.** कोषाध्यक्ष | : | डॉ. अनिल गोखरू, अजमेर | **6.** सम्पादक | : | डॉ. के.सी. शर्मा, भरतपुर |

### सदस्य गण

| (3 वर्ष) | (2 वर्ष) | (1 वर्ष) |
|---|---|---|
| श्री. निखिल जैन, अजमेर | डॉ. केशव शर्मा, अलवर | डॉ. सुभाष आल्हा, जयपुर |
| डॉ. बलबीर सिंह, अलवर | डॉ. देवेन्द्र सिंह, जयपुर | |
| डॉ. प्रतिभा मनोहर, जोबनेर | डॉ. रईश मुहम्मद, अलवर | |

इसी के साथ महासचिव ने सभी का धन्यवाद किया तथा अध्यक्ष ने अधिवेशन की समाप्ति की घोषणा की।

आसन को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

अध्यक्ष — डॉ. बी.एस. सिनसिनवार

महासचिव — डॉ. बी.एल. मीना

# नव निर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक

दिनांक 19 मई, 2013 को MAJ राजकीय महाविद्यालय, डीग, (भरतपुर) में राजस्थान गणित परिषद् की नव निर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक अपराहन 4:00 बजे आयोजित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से लिये निर्णय तथा कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :

**1.** नव निर्वाचित कार्यकारिणी ने पद भार ग्रहण किया।

**2.** कार्यकारिणी की दिनांक 18 मई, 2013 को प्रात: कालीन सम्पन्न बैठक के मिनिट्स की पुष्टि की गई।

**3.** 24 वें अधिवेशन के सफल आयोजन हेतु आयोजकों के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया।

**4.** निवर्तमान कार्यकारिणी द्वारा वर्ष 2012 में किये गये कार्यों के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

**5.** कार्यकारिणी में डा. डी. सी. गोखरू, अजमेर तथा प्रो. मृदुला गर्ग, जयपुर का सहवरण (co-opted) सदस्य नियुक्त किया गया।

**6.** परिष्द की समस्त सूचनाए, गतिविधियॉ आदि परिष्द की वेब साइट पर तत्काल उपलब्ध की जाए। इस हेतु डा. अनिल गोखरू, अजमेर को अधिकृत किया गया।

**7.** आगामी CMTR परीक्षा के आयोजन हेतु डा. के. सी. शर्मा, भरतपुर को संयोजक एवं डा. बी. एस. सिनसिनवार, भरतपुर को सहसंयोजक नियुक्त किया गया। संयोजक को CMTR परीक्षा के पाठ्यक्रम के अद्यतन तथा प्रश्न पत्र अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषाओं में बनवाने हेतु अधिकृत किया।

**8.** "गणित संदेश" के संपादक मण्डल का पुर्नगठन किया गया।

**9.** परिषद के एक सदस्य द्वारा परिषद् के कतिपय पदाधिकारियों के विरूद्ध अनावश्यक रूप से कोर्ट में दायर किये जा रहे वादों से न्यायालय का अमूल्य समय नष्ट कर परिषद् को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। परिषद् की ओर से इन वादों की पैरवी के लिए डॉ. बी.एस. सिनसिनवार, भरतपुर को अधिकृत किया गया। इस हेतु होने वाले खर्चे का पुर्नभरण परिषद् के कोष से किया जायेगा।

आसन को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

**डॉ. बी. एल. मीणा**
राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय, टोंक
*अध्यक्ष*

**डॉ. वी. सी. जैन**
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अजमेर
*महासचिव*

**Book - Post** ( Printed Matter )

To, ...............................

...............................

...............................

**प्रेषक**

**महासचिव, राजस्थान गणित परिषद**, गणित विभाग, राजकीय इंजी. महाविद्यालय, अजमेर (राज.)